जनपद हमीरपुर

**थाना-मौदहा** **दिनांक 11.07.2026**

**थाना मौदहा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 235/2026, धारा 305(ए) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित महिला अभियुक्ता की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में-**

**घटना का विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक 06.07.2026 को रामऔतार पुत्र गजराज, निवासी मोहल्ला मराठीपुरा, थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर द्वारा थाना मौदहा पर उपस्थित होकर लिखित तहरीर दी गई। तहरीर में बताया गया कि दिनाँक 06.07.2026 को प्रातः लगभग 11:00 बजे एक अज्ञात महिला एक किशोरी के साथ उनकी तहसील रोड स्थित ज्वेलर्स की दुकान पर पायल खरीदने के बहाने आई तथा विभिन्न प्रकार की पायल दिखाने को कहा। कुछ देर बाद महिला बिना कोई पायल खरीदे दुकान से चली गई। महिला के चले जाने के उपरांत दुकानदार द्वारा पायलों की गिनती करने पर तीन जोड़ी पायल कम पाई गई। संदेह होने पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई, जिसमें उक्त महिला द्वारा पायल चोरी किए जाने के तथ्य प्रकाश में आए।

वादी की तहरीर के आधार पर थाना मौदहा पर मु0अ0सं0 235/2026, धारा 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात महिला के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित वांछित महिला अभियुक्ता का नाम प्रकाश में आया।

**पुलिस कार्यवाही-**

आज दिनांक 11.07.2026 को थाना मौदहा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित वांछित महिला अभियुक्ता को पढोरी अन्डर पास, मौदहा से गिरफ्तार किया गया एवं 03 जोडी पायल वजन 311.04 ग्राम बरामद करते हुए उपरोक्त मुकदमें में धारा 317(2) बीएनएस की बढोतरी कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तारी का स्थान-**

पढोरी अन्डर पास, मौदहा।

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 392/23 धारा 380/411 आईपीसी थाना बर्रा, कानपुर नगर।
2. मु0अ0सं0 394/23 धारा 223/224 आईपीसी थाना बर्रा, कानपुर नगर।

**बरामदगी**

03 जोडी पायल वजन 311.04 ग्राम।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1.उ0नि0 अभिषेक त्रिवेदी

2.म0उ0नि0 कोमल

3.का0 विजय प्रताप

4.का0 अमित कुमार

5.रि0म0 का0 त्रिवेणी

